nt>

Title : Need to provide computerised reservation facility at Jaunpur city railway station in U.P- Laid.

श्री स्वामी चिन्मयानन्द (जौनपुर): उत्तर रेलवे के जाफराबाद-लखनऊ रेल लाइन पर जौनपुर सिटी स्टेशन पर वहां की जनता काफी समय से कम्प्यूटरीकृत रेल वे आरक्षण की मांग करती आ रही है और कई बार यह विाय सदन में उठा भी है।

उत्तर प्रदेश का यह सबसे बड़ा जनपद है और यहां के अधिकांश निवासी मुम्बई, कोलकता अपनी रोजी रोटी के लिए आते-जाते हैं और उन्हें रेल आरक्षण के लिए वाराणसी और इलाहाबाद जाना पड़ता है।

अतः मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री महोदया से अनुरोध करना चाहता हूं कि इसी बजट में जौनपुर सिटी स्टेशन पर कम्प्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र की स्थापना करने की व्यवस्था करें।